भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
(विदेशी ऋण प्रबंधन एकक)

प्रेस विज्ञप्ति

विषय : भारत का विदेशी ऋण : प्रास्थिति रिपोर्ट 2016-17

'भारत' के विदेशी ऋण के तेइसवे अंक का वार्षिक प्रकाशनः आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा एक स्थिति रिपोर्ट 2016-17 तैयार की गई है जो मार्चांत 2017 में भारत के विदेशी ऋण का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है, जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 30 जून, 2017 को जारी आकड़ों और अन्य स्रोत से उपलब्ध सूचना पर आधारित है। विश्लेषण की प्रवृत्ति, संरचना और भारत के विदेशी ऋण शोधन के अतिरिक्त, रिपोर्ट अन्य देशों की तुलना में, भारत के विदेशी ऋण, विशेषकर विकासशील देशों का एक तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत करती है।

रिपोर्ट की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित हैं:-

मार्च 2017 के अंत में भारत का विदेशी ऋण स्टॉक मार्च 2016 के अंत के स्तर की तुलना में 13.1 बिलियन अमरीकी डॉलर (2.7 प्रतिशत) कम होकर 471.9 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया। विदेशी ऋण में गिरावट दीर्घावधिक ऋणों में कमी के कारण हुई, विशेषकर एनआरआई जमा राशि और वाणिज्यिक उधारों में।

मार्च अंत 2017 में दीर्घावधिक विदेशी ऋण 383.9 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो मार्चांत अंत 2016 की स्थिति की तुलना में 4.4 प्रतिशत कमी दर्शाता है। कुल विदेशी ऋण में दीर्घावधिक विदेशी ऋण मार्चांत 2016 में 82.8 प्रतिशत था जो मार्चांत 2017 में घटकर 81.4 प्रतिशत हो गया।

मार्चांत 2017 में अल्पावधिक विदेशी ऋण 5.5 प्रतिशत बढ़कर 88.0 बिलियन अमरीकी डॉलर पर पहुंच गया। ऐसा मुख्य रूप से व्यापार संबंधी उधारों में वृद्धि के कारण हुआ, जो 98.3 प्रतिशत हिस्से के साथ लघु अवधि ऋण का मुख्य संघटक है।

सरकारी (सॉवरन) विदेशी ऋण मार्च 2016 के अंत में 93.4 बिलियन अमरीकी डॉलर था जो मार्चांत 2017 में बढ़कर 95.8 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया जो कुल विदेशी ऋण का 20.3 प्रतिशत था जबकि पिछले वर्ष ये हिस्सेदारी 19.3 प्रतिशत थी।

भारत का विदेशी ऋण प्रबंधनीय सीमा के अंदर रहा है और विदेशी ऋण की स्थिति में 2015-16 की तुलना में 2016-17 में सुधार हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि जो 74.3 से 78.4 प्रतिशत ऋण को कवर करता है और स.घ.उ. के अनुपात के रूप में विदेशी ऋण में 23.5 प्रतिशत से 20.2 प्रतिशत तक की कमी का द्योतक है। देश के विदेशी ऋण में दीर्घावधिक उधारों की अधिकता है। भारत के विदेशी ऋण की हालिया स्थिति को नीचे दिया गया है।

भारत के प्रमुख विदेशी ऋण संकेतक (प्रतिशत)					
वर्ष	**2012-13**	**2013-14**	**2014-15**	**2015-16** सं.	**2016-17** अ.
विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डॉलर)	409.4	446.2	474.7	485.0	471.9
विदेशी ऋण में वृद्धि (प्रतिशत)	13.5	9.0	6.4	2.2	-(2.7)
कुल विदेशी ऋण और स.घ.उ. अनुपात	22.4	23.9	23.9	23.5	20.2
ऋण शोधन अनुपात	5.9	5.9	7.6	8.8	8.3
रियायती ऋण और कुल विदेशी ऋण का अनुपात	11.1	10.4	8.8	9.0	9.3
विदेशी मुद्रा भंडार और कुल विदेशी ऋण	71.3	68.2	72.0	74.3	78.4
अल्पावधिक विदेशी ऋण और विदेशी मुद्रा भंडार का अनुपात	33.1	30.1	25.0	23.1	23.8
अल्पावधिक विदेशी ऋण और कुल ऋण का अनुपात	23.6	20.5	18.0	17.2	18.6
अल्पावधिक ऋण (अवशिष्ट परिपक्वता) और कुल ऋण का अनुपात	42.1	39.7	38.5	42.7	41.5
अल्पावधिक ऋण (अवशिष्ट परिपक्वता) और विदेशी मुद्रा भंडार का अनुपात	59.0	58.2	53.5	57.4	52.9

स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), टिप्पणियां: सं. संशोधित, अ. अनंतिम, # अल्पावधिक ऋण मूल परिपक्वता पर आधारित हैं। ऋण शोधन अनुपात सकल ऋण शोधन भुगतान और चालू खाता प्राप्तियों (सरकारी स्तर पर किए गए निवल अंतरणों) का अनुपात है।

विश्व बैंक की "इंटरनेशनल डेट स्टेटिस्टक्स, 2017" के आधार पर भिन्न-भिन्न देशों की तुलना जो 2015 के लिए ऋणों के आंकड़े प्रदान करती है, यह दर्शाती है कि भारत अपने विदेशी ऋण संकेतकों के साथ अपेक्षाकृत अन्य ऋणग्रस्त विकासशील देशों की तुलना में कम असुरक्षित देशों की श्रेणी में है। सकल राष्ट्रीय आय (जीएनआई) की तुलना में भारत के विदेशी ऋण स्टॉक का अनुपात 23.4 प्रतिशत है जो सबसे कम में पांचवें स्थान पर था और विदेशी ऋण को विदेशी मुद्रा भंडार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कवर के संदर्भ में 2015 में 69.7 प्रतिशत की सीमा के साथ भारत का छठा स्थान था।

भारत का विदेशी ऋण: प्रास्थिति रिपोर्ट 2016-17' वित्त मंत्रालय की वेबसाइट www.dea.gov.in पर उपलब्ध है ।